UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 18 कर्तव्यपालन (मंजरी)

प्रश्न 1:
राजा द्वारा ली गई परीक्षा में वनरक्षक किस प्रकार खरा उतरता है?
उत्तर:
जब राजा वनरक्षक पुंडरीक को झोपड़ी में रहने देने के बदले ह्न रुपया देना चाहता है, तब वह उसे रिश्वत बताता है और लेने से इनकार कर देता है। फिर इसके बाद जब राजा राजधानी तक चलने के लिए कहता है तो वह इनकार करता है और कहता है कि अगर स्वयं राजा भी आ जाए, तो भी इस समय मैं राजधानी नहीं जाऊँगा। इस तरह वनरक्षक राजा की परीक्षा में खरा उतरता है।

प्रश्न 2:
नीचे लिखे वाक्य के तीन सम्भावित उत्तर दिए गए हैं, सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए (चिह्न लगाकर)

राजा ने तलवार खींच ली क्योंकि
(क) वह वनरक्षक को दण्ड देना चाहता था।
(ख) वह वनरक्षक को क्षमा करना चाहता था।
(ग) वह वनरक्षक को सम्मान देना चाहता था। (✓)

प्रश्न 3:
वनरक्षक द्वारा परिचय पूछे जाने पर राजा क्या उत्तर देते हैं?
उत्तर:
राजा कहते हैं कि इन प्रश्नों का उत्तर देने का मुझे अभ्यास नहीं है।

प्रश्न 4:
वनरक्षक को राजा पर क्या सन्देह होता है?
उत्तर:
वनरक्षक को राजा पर बदमाश होने का सन्देह होता है।

प्रश्न 5:
राजा द्वारा यह कहने पर कि यदि एक रुपया कम हो तो सवेरे और भी दूंगा, वनरक्षक ने राजदरबार और दरबारी का कैसा चित्र खींचा?
उत्तर:
वनरक्षक की नजर में राजदरबार में काम करने वाले दरबारी हर छोटे-बड़े काम के लिए रिश्वत देते हैं या लेते हैं या आश्वासन देते हैं।

प्रश्न 6:
वनरक्षक को उसकी नेकी और ईमानदारी का क्या फल मिला?
उत्तर:
वनरक्षक को उसकी नेकी और ईमानदारी के लिए एक तलवार और 1000 रुपये सालाना का पुरस्कार जीवन भर के लिए मिला।

प्रश्न 7:
एकांकी में वनरक्षक के व्यक्तित्व की किन-किन विशेषताओं का पता चलता है?
उत्तर:
एकांकी में वनरक्षक के व्यक्तित्व की कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी, राजभक्ति बहादुरी और स्पष्टवादिता जैसे विशेषताओं का पता चलता है।

भाषा की बात

प्रश्न 1:
निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और प्रत्यय युक्त शब्दों को छाँटकर अलग-अलग लिखिए (छाँटकर)
उत्तर:
उपसर्ग: अभिमान, विशेष, सम्मान

प्रत्यय:
चमकीला, सच्चाई, ईमानदारी, प्रसन्नता, पुरस्कार, निकलकर

प्रश्न 2:
निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए (प्रयोग करके
उत्तर:
तिरस्कार (अवहेलना) – राजा ने तिरस्कार से उसे नीच कहा।
यकीन (विश्वास) – मुझे यकीन है कि वही लड़का चोर है।
मुनासिब (उचित) – जो मुनासिब समझो वही करो।
रिश्वत (घूस) – अधिकारी रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।
ढिठाई (अकड़ के साथ) – बच्चों को बड़ों से ढिठाई के साथ बात नहीं करनी चाहिए।
फर्ज (कर्तव्य) – भारतीय सैनिक अपने कार्य से कभी पीछे नहीं हटते।।

प्रश्न 3:
निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए (लिखकर)
क. किसी बात की परवाह न करने वाला। – **लापरवाह**
ख. वन की रक्षा करने वाला। – **वनरक्षक**
ग. जो विश्वास करने योग्य हो। – **विश्वसनीय**
घ. जो रिश्वत लेता हो। – **रिश्वतखोर**
ङ. जो क्षमा करने योग्य न हो। – **अक्षम्य**

प्रश्न 4:
नीचे दिये गये वाक्यों में से सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य और मिश्रित वाक्य अलग-अलग कीजिए (अलग-अलग करके)
क. मुझे पता तो चल गया कि मैं मनुष्य भी हूँ ।। – **मिश्रित वाक्य**
ख. आज मेरा सारा अभिमान मुझे झूठा जाने पड़ रहा है । – **सरल वाक्य**
ग. तुम कहाँ रहते हो और करते क्या हो ? – **संयुक्त वाक्य**
घ. मैंने माना कि तुम दरबारी हो, आज के लिए तो एक छोटी – **सी रिश्वत**
और कल के लिए एक बड़ा-सा वादा।। – **मिश्रित वाक्य**

https://www.evidyarthi.in/